प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001

Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

20 सितंबर 2021

रिज़र्व बैंक ने जी-सेक अभिग्रहण कार्यक्रम (जी-एसएपी 2.0) के अंतर्गत भारत सरकार की प्रतिभूतियों की खुला बाजार खरीद के साथ-साथ भारत सरकार की प्रतिभूतियों की बिक्री की घोषणा की

गवर्नर के 4 जून 2021 के वक्तव्य में घोषणा किए अनुसार, रिज़र्व बैंक, जी-सेक अधिग्रहण कार्यक्रम (जी-एसएपी 2.0) के तहत 23 सितंबर 2021 को ₹15,000 करोड़ की सकल राशि के लिए सरकारी प्रतिभूतियों की खुले बाजार खरीद आयोजित करेगा।

2. तदनुसार, रिज़र्व बैंक एकाधिक मूल्य नीलामी पद्धति का उपयोग करके एक बहु-प्रतिभूति नीलामी के माध्यम से निम्नलिखित सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा:

क्रम संख्या	आईएसआईएन	प्रतिभूति	परिपक्वता की तारीख	सकल राशि
1	IN0020170174	7.17% जीएस 2028	08-जनवरी-2028	₹15,000 करोड़ (कोई प्रतिभूति-वार अधिसूचित राशि नहीं है)
2	IN0020210095	6.10% जीएस 2031	12-जुलाई-2031	
3	IN0020210020	6.64% जीएस 2035	16-जून-2035	

3. वर्तमान चलनिधि स्थितियों की समीक्षा करने के बाद, रिज़र्व बैंक ने 23 सितंबर, 2021 को ₹15,000 करोड़ की सकल राशि के लिए खुला बाजार परिचालन (ओएमओ) के तहत सरकारी प्रतिभूतियों की एक सामयिक बिक्री करने का निर्णय लिया है।

4. तदनुसार, रिज़र्व बैंक बहु-प्रतिभूति नीलामी के माध्यम से एकाधिक मूल्य पद्धति का उपयोग करते हुए निम्नलिखित सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री करेगा:

क्रम संख्या	आईएसआईएन	प्रतिभूति	परिपक्वता की तारीख	सकल राशि
1	IN0020120013	8.15% जीएस 2022	11-जून-2022	₹15,000 करोड़ (कोई प्रतिभूति-वार अधिसूचित राशि नहीं है)
2	IN0020070028	8.08% जीएस 2022	2-अगस्त-2022	
3	IN0020070051	8.13% जीएस 2022	21-सितंबर-2022	

5. रिज़र्व बैंक के पास निम्नलिखित अधिकार सुरक्षित हैं:

- प्रत्येक प्रतिभूतियों की खरीद/बिक्री की मात्रा का निर्धारण करना।
- सकल राशि से कम राशि की बोलियां/प्रस्तावों को स्वीकार करना।
- पूर्णांकन प्रभाव के कारण सकल राशि की तुलना में कुछ अधिक/कम की खरीद/बिक्री करना।
- कारण दिए बिना संपूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी या सभी बोलियाँ/प्रस्ताव का स्वीकार या अस्वीकार करना।

6. पात्र प्रतिभागियों को **23 सितंबर 2021 को सुबह 10:00 और सुबह 11:00 बजे** के बीच भारतीय रिज़र्व बैंक कोर बैंकिंग समाधान (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में अपनी बोलियां/प्रस्तावों को प्रस्तुत करनी होगी। केवल सिस्टम विफलता की स्थिति में, भौतिक बोलियाँ/प्रस्तावों को स्वीकार किए जाएंगे। इस तरह की भौतिक बोली/प्रस्ताव रिज़र्व बैंक की वेबसाइट से प्राप्त निर्धारित फॉर्म (https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewForms.aspx) में **सुबह 11.00 बजे** से पहले वित्तीय बाजार परिचालन विभाग (ईमेल; फोन नंबर: 022-22630982) को प्रस्तुत करना होगा।

7. नीलामी का परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे और सफल प्रतिभागियों को **24 सितंबर 2021 को दोपहर 12 बजे तक** अपने चालू खाते/ एसजीएल खाते में निधि/प्रतिभूतियों की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी।

(योगेश दयाल)

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/891

मुख्य महाप्रबंधक